# नेतरहाट विद्यालय समिति

(सोसाइटीज निबंधन अधिनियम, 1860 के अधीन निबंधित)

**मानव संसाधन विकास विभाग, झारखण्ड**

एच.ई.सी., एम.डी.आई. भवन, धुर्वा, राँची–834004

निबंधन संख्या : 688/2009–10

झारखण्ड सरकार

नेतरहाट विद्यालय


पत्रांक : 76 **महत्वपूर्ण** रांची, दिनांक : 06.06.2014


**कार्यकारिणी समिति :**

**सभापति :**
श्री नरेन्द्र भगत, भा.प्र.से. (से.नि.)
(पूर्ववर्ती छात्र : 1955–61)
मो. : 9431115070

**सदस्य :**
श्री कृष्ण स्वरूप प्रसाद
(पूर्ववर्ती शिक्षक)
मो. : 9835365611

डॉ. अमलेन्दु शेखर मित्रा
(पूर्ववर्ती छात्र)
मो. : 9835542110

श्री ज्योति भ्रमर तुबिद, भा.प्र.से.
(पूर्ववर्ती छात्र)
मो. : 9431171117

श्री नागेन्द्र नाथ सिन्हा, भा.प्र.से.
(पूर्ववर्ती छात्र)
मो. : 9431170016

**सदस्य सचिव :**
श्री बिमलांशु शेखर मल्लिक
प्राचार्य, नेतरहाट विद्यालय
मो. : 9431707987
दूरभाष : 06569–277644

**सदस्य :**
मानव संसाधन विकास विभाग
तथा
वित्त विभाग, झारखण्ड सरकार
के प्रतिनिधि

**विशेष कार्य पदाधिकारी :**
श्री प्रयाग दुबे
मो. : 9431326423


प्रिय नोबा बन्धु,

**विषय :1.नेतरहाट विद्यालय के विकास को गति प्रदान किये जाने निमित नेतरहाट विद्यालय कोष में स्वैच्छिक अंशदान किये जाने हेतु अपील।**
**2. विद्यालय के कतिपय महत्वपूर्ण योजनाओं के कार्यान्वयन में नोबा परिवार की सहभागिता।**

यह अपील पत्र समिति के पूर्व प्रेषित पत्रांक–29 दिनांक 05 फरवरी,2014 **विषय : (NVS proposal for seeking donation –in cash or in kind-for betterment of Netarhat Vidyalaya our alma mater)** के क्रम में प्रेषित किया जा रहा है।

इस बीच नोबा फोरम से विद्यालय प्रशासन तथा 'समिति' को इस आशय का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है कि यदि नोबा परिवार के सभी सदस्य स्वेच्छा से अपने वेतन/पेंशन आदि का प्रतिमाह कम–से–कम 1 प्रतिशत (अथवा स्वेच्छा से इससे अधिक) नेतरहाट विद्यालय विकास कोष में जमा किये जाने की सहमति देने की स्थिति में हों तो स्वभावतः विद्यालय कोष में अधिकाधिक राशि संचित की जा सकेगी। प्रायः नोबा परिवार के सदस्यों के मध्य इस बिंदु पर परिचर्चा होती रहती है कि विद्यालय का उनके जीवन में वैयक्तिक उपलब्धि तथा विकास में प्रत्यक्षतः महती भूमिका रही है। विद्यालय के इस ऋण से उऋण होने के विकल्पों पर भी प्रायः गंभीर चर्चा होती रही है। इस दृष्टि से यह स्वैच्छिक अंशदान योजना को एक व्यवहारिक विकल्प के रूप में अंगीकृत किया जा सकता है। उक्त प्रस्तावानुसार स्वैच्छिक योजना संबंधित सदस्यों द्वारा जीवनपर्यन्त जारी रखने का भी एक सुझाव है।

उपर्युक्त योजनान्तर्गत प्राप्त एवं संचित राशि पूर्णरूपेण मात्र विद्यालय विकास हेतु कुछेक ऐसी योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु की जा सकेगी जिन्हें सरकार द्वारा प्राप्त बजटीय उपबन्ध में उपलब्ध राशि आवश्यकता से न्यून है अथवा बिल्कुल नहीं है। यह भी स्पष्ट करना है कि नेतरहाट विद्यालय कोष की संचित राशि उन्हीं योजनाओं में व्यय की जा सकेगी जिनकी कार्यकारिणी समिति द्वारा विधिवत स्वीकृति प्राप्त हो। ऐसी योजनाओं के चयन में,

आवश्यकतानुसार, विभिन्न नोबा इकाइयों अथवा नोबा बन्धुओं के सुझावों को भी समाहित किये जाने का प्रावधान होगा।

प्रसंगवश यह सूचित करना है कि इस योजना का शुभारंभ विगत 12 मई 2014 को एक नोबा सदस्य द्वारा किया जा चुका है।

सम्प्रति तीन अत्यन्त महत्वपूर्ण योजनाएं समिति की दृष्टि में हैं जिनके कार्यान्वयन हेतु नोबा परिवार के सदस्यों की आर्थिक सहभागिता अत्यन्त अनिवार्य प्रतीत होती है। उक्त तीन योजनाएं निम्नवत है :

**योजना सं. 1 – विद्यालय परिसर स्थित CHALET (शैले) के जीर्णोद्धार तथा सुसज्जनादि विशेषज्ञ वास्तुविद के परामर्श तथा देखरेख में कराया जाना।**

नोबा परिवार को यह जानकर प्रसन्नता तथा संतोष होगा कि लगभग एक दशक बाद शैले के प्रबन्धन का दायित्व पुनः विद्यालय प्रशासन को सुपुर्द है तथा तत्सम्बन्धी औपचारिकता अन्तिम चरण में है। आप अवगत हैं कि उपलब्ध अभिलेख के आधार पर शैले 1919 में निर्मित हुआ था, इस प्रकार अब उसकी आयु 95 वर्ष हो गई है। पूर्णतः काष्ठ निर्मित दो मंजिला शैले, इस दृष्टि से, एक Heritage site के रूप में चिन्हित किया जा सकता है। इसकी सम्पूर्ण संरचना के जीर्णोद्धार के लिए विशेषज्ञ वास्तुविद् के परामर्श तथा सहभागिता की आवश्यकता प्रतीत होती है। कहना न होगा कि इस योजना के कार्यान्वयन में बजटीय उपबन्ध में उपलब्ध राशि की अपर्याप्तता के कारण अन्य स्रोत से भी अपेक्षित राशि संग्रहीत की जानी होगी। ससमय शैले के जीर्णोद्धार कार्य पूरा किये जाने की स्थिति में उसका उपयोग विद्यालय के आगामी हीरक जयन्ती समारोह में किया जा सकेगा।

वर्णित स्थिति में समिति का यह आग्रह है कि नोबा परिवार के सभी सदस्य अपनी इच्छानुसार मुक्त रूप से नेतरहाट विद्यालय कोष में अपना अंशदान दें। उक्त अंशदान ''नेतरहाट विद्यालय विकास कोष'' में, बैंक खाता **SB A/C No. 11873383941 स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, शाखा–नेतरहाट IFSC Code –SBIN 0002985, MICR Code -829002605 में** सीधे जमा किया जा सकेगा।

**योजना सं. 2 – नेतरहाट स्थित बंगला सं. 4 का जीर्णोद्धार तथा सुसज्जनादि विशेषज्ञ वास्तुविद् के परामर्श तथा देखरेख में कराया जाना।**

विगत दिनों राज्य मंत्रिपरिषद का इस आशय का निर्णय है कि नेतरहाट स्थित बंगला सं. 4, जो अब तक भवन निर्माण विभाग के अधीन था, को अब विद्यालय प्रशासन को सुपुर्द किये जाने का आदेश है। तत्सम्बन्धी हस्तान्तरण की औपचारिकता प्रक्रियारत है।

समिति के स्तर पर यह बिन्दु विचाराधीन है कि बंगला नं. 4, शैले की भांति, जो लगभग 70-80 वर्ष पुराना है तथा एक Heritage संरचना के रूप में है, के जीर्णोद्धार तथा सुसज्जन आदि कराकर उसे उपयोग में लाया जाय। विद्यालय प्रशासन को वर्णित हस्तान्तरण चुंकि हाल का ही निर्णय है अस्तु इस हेतु बजटीय उपबन्ध की स्थिति शून्य है। निकट भविष्य में इस बंगला के जीर्णोद्धार एंव सुसज्जन आदि किये जाने की स्थिति में विद्यालय के आगामी हीरक जयन्ती समारोह के दौरान डेलीगेट्स के आवासनादि के उपयोग में इसे लाया जा सकेगा।

V Bhagat

वर्णित स्थिति में समिति का यह आग्रह है कि नोबा परिवार के सभी सदस्य अपनी इच्छानुसार मुक्त रूप से नेतरहाट विद्यालय कोष में उक्त प्रयोजनार्थ अपना अंशदान दें।

**योजना सं. 3 – नेतरहाट परिसर में ''नोबा अतिथि गृह'' का निर्माण।**

विगत कुछेक वर्षो से विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्रों के दो बैच–एक, जिन्होंने विद्यालय में प्रवेश वर्ष के 50 वर्ष पूरे किये हों; तथा, दूसरा जिन्होंने विद्यालय से उत्तीर्ण होने के वर्ष से 50 वर्ष पूरे किये जों, वे बैचवार सपरिवार प्रतिवर्ष अपनी सुविधानुसार, विद्यालय का परिदर्शन करते है, पुरानी स्मृतियों को पुनः जीते हैं तथा विद्यालय के प्रति श्रद्धावनत् होते हैं। इन अवसरों पर प्रायः आवासीय सुविधा के सीमित होने के कारण कठिनाई अनुभव किये गये हैं। इस दृष्टि से कुछेक नोबा बन्धुओं की ओर से विद्यालय परिसर में नोबा अतिथि गृह के निर्माण करने का सुझाव समिति को भेजा गया है। इस सुझाव पर विस्तृत परिचर्चा विभिन्न नोबा इकाईयों में की जानी चाहिए तथा इस हेतु आवश्यक संसाधनों के जुटाये जाने के बिन्दु पर भी व्यवहारिक सुझाव तथा सार्थक पहल अपेक्षित है।

अस्तु, समिति का देश–विदेश स्थित सभी नोबा इकाईयों से अनुरोध है कि इस विषय पर अपने सुझाव पत्र द्वारा अथवा ई–मेल द्वारा netvsamiti@gmail.com/ Principal.netarhat@gamil.com पर कृपया भेज सकते हैं।

अन्त में यह कहना युक्ति संगत प्रतीत होता है कि 'समिति' सहित सम्पूर्ण नोबा परिवार का मुख्य लक्ष्य यही है कि आने वाले वर्षो में विद्यालय राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अधिकाधिक प्रतिष्ठित हो। इसी पृष्ठभूमि में ''समिति'' के उपर्युक्त प्रस्तावों पर दृष्टिपात किए जाने का सभी नोबा बंधुओं से नम्र निवेदन है।

शुभकामनाओं सहित!

भवदीय,

| | | |
|---|---|---|
| एन.एन.सिन्हा,<br>सदस्य | जे.बी.तुबिद,<br>सदस्य | नरेन्द्र भगत<br>सभापति |
| बि.एस.मल्लिक,<br>प्राचार्य–सह–सदस्य सचिव | अमलेन्दु शेखर मित्रा<br>सदस्य | के.एस.प्रसाद<br>सदस्य |

**सेवा में,**

**देश–विदेश स्थित सभी नोबा बंधुओं को।**